## शैक्षणिक सत्र 2022—23 में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु अनुमोदित शुल्क का विवरण

2. अनुमोदित शुल्क में से विकास शुल्क का लेखा पृथक से संधारित किया जाना अनिवार्य है। अधिनियम के प्रावधानानुसार विकास शुल्क की राशि का उपयोग विश्वविद्यालय के विकास मे ही करना होगा एवं विकास शुल्क के उपयोग से संबंधित ब्यौरा पृथक से संधारित कर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा।
3. **सत्र 2022—23** हेतु उपरोक्त प्रक्षेपित वित्तीय आंकडों एवं अंकेक्षित वित्तीय वास्तविक आंकडों की परस्पर तुलना कर आगामी वित्तीय वर्ष की शुल्क संरचना का प्रस्ताव प्रस्तुत करना होगा तथा शुल्क में अंतर होने पर कारण स्पष्ट किया जाये ।
4. यदि शिक्षण शुल्क की लागत में वृद्धि होती है तो उसकी पूर्ति किस प्रकार की जावेगी, यह स्पष्ट करना होगा। यदि शिक्षा की लागत में कमी होती है तो विद्यार्थियों से लिये गये अधिक शुल्क को अनिवार्यतः वापस करने हेतु संबंधित विश्वविद्यालय उत्तरदायी होगा।
5. म.प्र. निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2007 की धारा 28 एवं 29 के अंतर्गत पाठ्यक्रम संचालन के पूर्व अध्यादेशों के राजपत्र में प्रकाशन का प्रावधान विहित है।
6. म.प्र. निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2007 यथासंशोधित द्वितीय संशोधन अध्यादेश 2016 की धारा 9(ख) के अंतर्गत निजी विश्वविद्यालय के कक्षाओं एवं पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने के पूर्व आयोग से अनुज्ञा प्राप्त करने का प्रावधान है। शुल्क नियमन किये गये पाठ्यक्रमों में यदि आयोग की अनुज्ञा प्राप्त नही है तो ऐसे पाठ्यक्रमों की आयोग से अनुज्ञा प्राप्त की जाये।

**(अध्यक्ष, म.प्र.नि.वि.वि.वि.आयोग,द्वारा अनुमोदित)**

**(डॉ.के.पी.साहू)**
**सचिव**
**म.प्र.नि.वि.वि.वि.आयोग, भोपाल**

**भोपाल, दिनांक**

**पृ. क्रमांक............./म.प्र.नि.वि.वि.वि.आ/2022**

प्रतिलिपि—
1. निज सहायक के माध्यम से अध्यक्ष, म.प्र.नि.वि.वि.वि. आयोग, भोपाल को सूचनार्थ ।
2. कुलपति, संबंधित विश्वविद्यालय।
3. छात्रवृत्ति शाखा, म.प्र.नि.वि.वि.वि. आयोग, भोपाल को सूचनार्थ।
4. आई.टी. शाखा, म.प्र.नि.वि.वि.वि. आयोग, भोपाल को सूचनार्थ।
5. गार्ड फाईल।

**सचिव**
**म.प्र.नि.वि.वि.वि.आयोग,भोपाल**

# म.प्र. निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन

## M.P. PRIVATE UNIVERSITY REGULATORY COMMISSION, BHOPAL

Government of Madhya Pradesh.


क्र. 1464 / फीस / म.प्र.नि.वि.वि.वि.आयोग / 2022

दिनांक 04/11/22

**संशोधित आदेश**

**प्रति,**

**कुलसचिव,**
**एल.एन.सी.टी. विश्वविद्यालय**
**भोपाल (म.प्र.)**

**विषय–शैक्षणिक सत्र वर्ष 2022–23 में संचालित पाठ्यक्रमों की शुल्क समीक्षा।**

**—00—**

उपरोक्त विषयांतर्गत आदेश क्र. 1454 दिनांक 30.08.2022 के माध्यम से मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम 2007 की धारा 36(10)(ख) एवं (ड़) में निहित प्रावधानों के अनुपालन में प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में वर्ष **2022–23** में संचालित पाठ्यक्रमों हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क की समीक्षा मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग द्वारा शिक्षा की लागत के आधार पर अधोलिखित तथ्यों / शर्तों के अध्यधीन की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा शुल्क समीक्षा आदेश में पुर्नविचार करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसमें उल्लेखित है कि विश्वविद्यालय में संचालित कुछ पाठ्यक्रमों के शुल्क में अत्याधिक कमी हो गयी है। जिस पर पुर्नविचार किया जाये। विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त आवेदन पर शुल्क समीक्षा समिति द्वारा पुर्नविचार एवं परीक्षण उपरांत कुछ पाठ्यक्रमों के शुल्क में आंशिक संशोधन किया गया है। तद्नुसार विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु संशोधित शुल्क का विवरण निम्नानुसार है:–

**शैक्षणिक सत्र 2022–23 में संचालित पाठ्यकमों हेतु अनुमोदित शुल्क का विवरण**
**(राशि रूपये में)**

| S. No. | Faculty | Course Name | Proposed Fee by University | Fee Reviewed by Fee Review Committee | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Tuition Fee (85%) | Development Fee & All other Miscellaneous fee(15%) | Total |
| 2 | LNMC | MD Pathology | 1100000 | 807500 | 142500 | 950000 |
| 3 | LNMC | MD MED/Gynae | 2000000 | 1497275 | 264225 | 1761500 |

**नोट–** **उपरोक्त शुल्क समीक्षा विश्वविद्यालय के प्रस्ताव एवं उनके सनद लेखापाल द्वारा प्रमाणित अंकेक्षित वित्तीय आकड़ों के आधार पर की गई है।**

1. उपरोक्त समीक्षित शुल्क के अंतर्गत रजिस्ट्रेशन, प्रवेश, शिक्षण, परीक्षा, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, खेलकूद, परीक्षा शुल्क एवं अन्य पाठ्येतर गतिविधियों सहित शुल्क सम्मिलित है। विश्वविद्यालय द्वारा समीक्षित शुल्क के अतिरिक्त लिये जाने वाले अन्य शुल्क शिक्षा की लागत से अधिक नहीं होंगे एवं अन्य शुल्को का लेखा भी पृथक से संधारित कर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना होगा।


**निरंतर–02**


04/11/22


कार्यालय : ज्ञान वाटिका, वाल्मी रोड, कलियासोत डेम के सामने भोपाल– 462016 (म.प्र.) ई–मेल : Sec.mppurc@gmail.com, वेबसाइट : mpnvva.in, फोन : 0755–2490322

Office : Gyan Vatika, Walmi Road, Opposite Kaliyasot Dam, Bhopal-462016 (M.P.) **Email :** Sec.mppurc@gmail.com, **Website :** mpnvva.in, **Phone :** 0755-2490322